# कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़

पत्रांक : समग्र शिक्षा / के0जी0बी0वी0 / 814 / 2024–25 दिनांक : 23.12.2024

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–1553 / 68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक / के0जी0बी0वी0 / 11308 / 2022–23 दिनांक 14.02.2023, पत्रांक : के0जी0बी0वी0 / 1121 / 2023–24 दिनांक 25.04.2023 एवं पत्रांक : के0जी0बी0वी0 / 1790 / 2023–24 दिनांक 12.05.2023 एवं शासनादेश संख्या : 2805 / 68–5–2023–05 / 2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 01 फरवरी, 2023 एवं शासनादेश संख्या–68–5099 / 37 / 2023–5() बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ, दिनांक 20 अप्रैल, 2023 के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़ में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन–पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 07–01–2025 की सायं 5.00 बजे तक होगी। आवेदन पत्र कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़ के पते पर रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ही स्वीकृत किये जायेंगे। किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा। एक से अधिक पदों के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रेषित किया जाये।

### रिक्त पदों का विवरण

| क्र0 सं0 | पद नाम | विषय | कुल रिक्तियां | आरक्षण की स्थिति | | | | | शैक्षिक योग्यता | नियत मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | GEN | EWS | OBC | SC | ST | | |
| 1. | पूर्णकालिक शिक्षिका | गणित | 4 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | बी0एस0सी0 (पी0सी0एम0) वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | रु0 24200.00 |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षिका | विज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | विज्ञान (जेड0बी0सी0) वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षिका | हिन्दी / संस्कृत | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | भाषा (हिन्दी–संस्कृत एवं अंग्रेजी में से न्यूनतम एक वर्ग में से स्नातक, प्रशिक्षित स्नातक (बी.एड.) एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | |
| 4. | पूर्णकालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| 5. | अंशकालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर शिक्षा | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | प्रशिक्षित स्नातक, एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड. / समकक्ष एल.टी. प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. उत्तीर्ण। कम्प्यूटर शिक्षा हेतु उक्त के अतिरिक्त पी.जी.डी.सी.ए. / बी.सी.ए. / बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल / ए लेवल डिप्लोमा। | रु0 10780.00 |
| 6. | अंशकालिक शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी.पी.एड., सी.पी.एड. एवं डी.पी.डी. आदि उपाधि) | |
| 7. | अंशकालिक शिक्षिका | कला क्राफ्ट / संगीत / गृह शिल्प | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | कला क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प विषय से स्नातक, एन.सी.टी.ई. से मान्य बी.एड. / समकक्ष एल.टी. प्रशिक्षण योग्यता। | |
| 8. | लेखाकार | —— | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | स्नातक वाणिज्य तथा एस0एस0 आफिस पर कार्य करने का ज्ञान। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में ओ लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता पर वरीयता प्रदान की जायेगी। | रु0 12100.00 |
| 9. | मुख्य रसोइया | —— | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | कक्षा–8 उत्तीर्ण एवं शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | रु0 7590.00 |
| 10. | सहायक रसोइया | —— | 6 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 | | रु0 5693.00 |
| 11. | चपरासी | —— | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | | रु0 6325.00 |
| 12. | चौकीदार | —— | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | | |

### आवश्यक नियम एवं शर्तें–

1. आवेदन पत्र साफ एवं सुन्दर अक्षरों में हस्तलिखित / टंकित ही स्वीकार्य होगा जिस पर अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा अंकित होना अनिवार्य है। अस्पष्ट, अपूर्ण एवं हस्ताक्षर न किये गये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
2. समस्त अभ्यर्थियों हेतु दिनांक 01.04.2024 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए एवं चयन हेतु अर्ह उम्र का निर्धारण 01 अप्रैल 2024 से किया जायेगा।
3. पूर्णकालिक शिक्षिका / अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार के पद पर चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा।
4. मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पदों पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित नहीं होने सम्बन्धी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. सभी पदों पर मानदेय राज्य परियोजना कार्यालय के समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार देय होगा।
6. आवेदन पत्र पर आवेदित पद का नाम, वर्ग, विषय के साथ लिफाफे के ऊपर स्पष्ट मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, प्रतापगढ़ हेतु आवेदन पत्र पर अंकित होना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
7. आवेदन पत्र के साथ अंक पत्रों, प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक एवं प्रशिक्षण) चरित्र प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त हो, की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न किये जायें। साक्षात्कार / काउन्सिलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन–पत्र के साथ स्वयं का पत्राचार का पता लिखा 03 लिफाफे जिसमें प्रत्येक पर रु0 40.00 का डाक टिकट लगाकर जमा करना अनिवार्य है।
9. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
10. किसी सेवा में बर्खास्त नैतिक / चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोषसिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होगा। यदि चयनोपरान्त उक्त तथ्य प्रकाश में आता है तो बिना किसी नोटिस के संविदा समाप्त कर दी जायेगी।
11. अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग / साक्षात्कार के लिए आने–जाने पर कोई यात्रा–भत्ता नहीं दिया जायेगा।

12. पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पूर्णकालिक हैं, इनका विद्यालय में निवास करना होगा।

13. के0जी0बी0वी0 की ऐसी शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र : 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गई हैं, उन्हें प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर नवीन चयन में आवेदन करने पर के0जी0बी0वी0 में की गई सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 अंक अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 अंक से अधिक नहीं दिया जायेगा।

14. के0जी0बी0वी0 की ऐसी शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र : 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गई हैं, उन शिक्षिकाओं द्वारा के0जी0बी0वी में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता शासनादेश सं0 : के0जी0बी0वी0/3–2/1916/2013–14 दिनांक 29–07–2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षिकाओं के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी।

15. के0जी0बी0वी0 की ऐसी शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र : 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गई हैं, उन शिक्षिकाओं द्वारा के0जी0बी0वी में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर उन्हें चयन हेतु आयुसीमा में के0जी0बी0वी0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

16. के0जी0बी0वी0 की ऐसी शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र : 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गई हैं, उन्हें इस बात का स्पष्ट प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वर्तमान में आप प्रदेश के किसी भी के0जी0बी0वी0 में कार्यरत नहीं हैं।

17. उक्त पदों का चयन शैक्षिक सत्र : 2024–25 में 11 माह 29 दिन के लिए होगा, कार्य एवं व्यवहार ठीक पाये जाने पर संविदा अवधि अगले शैक्षिक सत्र के लिए बढ़ाई जा सकती है। सेवायें सन्तोषजनक न होने पर बिना किसी पूर्व नोटिस के संविदा किसी समय समाप्त की जा सकती है।

18. पदवार/विषयवार रिक्तियों की संख्या घट बढ़ सकती हैं, जिसके सम्बन्ध में विषयवार एवं पदवार आरक्षण का निर्धारण चयन समिति के निर्णय के अधीन होंगे।

19. सामान्य वर्ग में ई0डब्ल्यू0एस0 के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण देय होगा। जिसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

20. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। एक ही आवेदन–पत्र में एक से अधिक पदों का उल्लेख करने का कोई दावा/वाद मान्य नहीं होगा।

21. उपरोक्त विज्ञप्ति को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समिति के पास होगा। इस हेतु कोई दावा/वाद मान्य नहीं होगा तथा विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।

22. उपरोक्त समस्त चयन माननीय उच्चतम न्यायालय/माननीय उच्च न्यायालय में योजित विभिन्न याचिकाओं में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा।

23. चयन के उपरान्त अभ्यर्थी को रु0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि माननीय उच्चतम न्यायालय/माननीय उच्च न्यायालय में योजित माननीय न्यायालय द्वार पारित आदेश से उसे मान्य होगा तथा उसके द्वारा पद से हटाये जाने पर कोई दावा न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।

24. आरक्षण का दावा करने वाली महिला अभ्यर्थियों के लिए पिता पक्ष की ओर से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र ही स्वीकार किया जायेगा।

25. उपरोक्त समस्त चयन माननीय उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका सं0 13553/2022 राज्य परियोजना निदेशक व अन्य बनाम सरोज मौर्य व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।

(भूपेन्द्र सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रतापगढ़।

**पृ0सं0: समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/ 814 /2024–25 दिनांक : उक्तवत्।**
**प्रतिलिपि– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी/अध्यक्ष जिला चयन समिति, प्रतापगढ़।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
5. जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़।
6. सम्पादक ....दैनिक जागरण.... एवं ....हिन्दुस्तान.... को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञापन को दिनांक 24/11/24 .......... को प्रकाशित होने वाले अपने सम्मानित समाचार पत्र में हिन्दी के 8 फोन्ट में न्यूनतम सरकारी दरों पर प्रदेश स्तर पर प्रकाशित कराते हुए बिल जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़ से सत्यापित कराकर भुगतान हेतु 02 प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराने का कष्ट करें।

23/11/24
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रतापगढ़।

# कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जनपद प्रतापगढ़ हेतु

## आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व प्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नाम (विषय सहित).......................................................................
2. आवेदित पद की जाति (जिस जाति वर्ग के अन्तर्गत आवेदन किया जा रहा है) ..........................
3. अभ्यर्थिनी का नाम.......................................................................
4. पिता/पति का नाम.......................................................................
5. जन्मतिथि..............................................आयु 01.04.2024 को (वर्ष में)..............................
6. पूर्ण स्थायी पता.......................................................................
7. पत्र व्यवहार का पता.......................................................................
8. मेल आई डी..............................................9. आधार नम्बर..............................
10. दूरभाष एवं मोबाईल नं0.......................................................................
11. जाति/वर्ग.......................................................................
12. के.जी.बी.वी. में अनुभव यदि कोई हो, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत (प्रमाणपत्र संलग्न करें) ..........................
13. शैक्षिक योग्यता का विवरण :-

| परीक्षा का नाम | वर्ष | समस्त विषय | बोर्ड/ संस्था | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इंटरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| बी.एड./बी.पी.एड./डी.पी.एड./सी.पी.एड. अन्य (डिग्री, डिप्लोमा आदि) | | | | | | |
| टी0ई0टी0 उ0प्रा0स्तर | | | | | | |
| कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि (लेखाकार हेतु) | | | | | | |

संलग्नकों का विवरण:-

1. ........................................ 5. ........................................
2. ........................................ 6. ........................................
3. ........................................ 7. ........................................
4. ........................................ 8. ........................................

मै घोषणा करती हूँ, कि मेरे द्वारा दी गयी समस्त उपरोक्त सूचनाएं सही है, मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दी गयी सूचनाऐं गलत/कूटरचित पायी जाती हैं अथवा कोई तथ्य गोपन किया जाता है तो मेरा चयन/अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाये, इसमें मुझे कोई आपत्ति नही होगी तथा विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

दिनांक-

अभ्यर्थिनी के हस्ताक्षर..............................

अभ्यर्थिनी का पूरा नाम व पूरा पता.......

# कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़

पत्रांक : समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/ 813 /2024-25 दिनांक : 23.12.2024

## विज्ञप्ति

उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन/पदस्थापन के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या -I/570148/2024 फाइल नं0 : 68-5099/23/2024-5( ) दिनांक 28-05-2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक : के0जी0बी0वी0/1837/2024-25 दिनांक 30-05-2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़ के अनुमोदन दिनांक 18-12-2024 के क्रम में एवं राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक के0जी0बी0वी0/7114/2024-25 दिनांक 28-10-2024 के द्वारा उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के नवीन चयन/पदस्थापन/संविदा अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण कराने के निम्नवत् निर्देश दिये गये हैं।

जनपद प्रतापगढ़ के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों का चयन संविदा के आधार पर 11 माह 29 दिन के लिए निम्नांकित पदों पर किया जायेगा।

(1) पद एवं अर्हता (समस्त पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित) :-

| क्र0 सं0 | पद | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | श्रेणी /मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानाचार्य | 1 | (1) प्रशिक्षित एम०ए० (हिन्दी/अंग्रजी) अथवा एम०एस-सी० (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या<br>(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी; प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 30,000.00 |
| 2. | पी0जी0टी0 हिन्दी | 1 | हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 22,000.00 |
| 3. | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | 1 | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 22,000.00 |
| 4. | पी0जी0टी0 गणित | 1 | 1- एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित अथवा<br>2- गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस-सी० (आनर्स) | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 22,000.00 |
| 5. | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1 | 1- वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस०सी० अथवा<br>2- कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में जन्तु विज्ञान अथवा<br>3- कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० मे वनस्पति विज्ञान अथवा<br>4- यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम०एस०सी० (लाइफ साइंस) अथवा<br>5- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 22,000.00 |
| 6. | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 1 | 1- रसायन विज्ञान में एम०एस-सी० अथवा<br>2- रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० (आनर्स) अथवा<br>3- यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा<br>4- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 22,000.00 |
| 7. | पी0जी0टी0 | 1 | 1-एम०एस०सी० (भौतिक शास्त्र) अथवा | प्रशिक्षित | Gen. - 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | भौतिक विज्ञान | | 2– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | | Rs. 22,000.00 |
| 8. | कम्प्यूटर विज्ञान | 1 | 1– एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) अथवा<br>2– बी०ई०/बी०टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा<br>3– एम०सी०ए० अथवा एम०एस०सी० (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेवल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा<br>4– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा<br>5– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एससी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा<br>स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | प्रशिक्षित | Gen. - 1<br>Rs. 22,000.00 |
| 9. | लैब असिस्टेन्ट | 3 | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ | | Gen. - 1<br>OBC - 1<br>SC - 1<br>Rs. 6498.00 |
| 10. | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक | 1 | 1– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र अथवा<br>कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री<br>3– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | | Gen. - 1<br>Rs. 12430.00 |

पूर्व से संचालित क0गां0बा0वि0 (कक्षा 6 से 8) के परिसर में नये उच्चीकृत छात्रावास के संचालन हेतु जनपद की निम्न पद की रिक्तियाँ हैं –

| क्र0सं0 | पद | श्रेणी | रिक्त पद | योग्यता | मानदेय प्रतिमाह | अनिवार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चपरासी | GEN - 3, EWS - 1<br>OBC - 2, SC - 1 | 7 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | Rs. 7147.00 | विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। |
| 2. | चौकीदार | GEN - 3, EWS - 1<br>OBC - 2, SC - 1 | 7 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | Rs. 7147.00 | |
| 3. | सहायक रसोइया | GEN - 3, EWS - 1<br>OBC - 2, SC - 1 | 7 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | Rs. 6433.00 | |

नोट :– प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।

(2) आयु–

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
- शेष पदों पर चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

(3) आरक्षण– राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

(4) चरित्र– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

(5) चयन प्रक्रिया– अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा –

| क्र0सं0 | परीक्षा / उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10 / 100 |
| 2. | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10 / 100 |
| 3. | स्नातक | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20 / 100 |
| 4. | परास्नातक | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20 / 100 |
| 5. | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30 / 100 |

नोट—

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
- सहायक रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

**(6) सत्यापन**— शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा

**नोट—**

1. आवेदन हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. विज्ञप्ति में दिये गये पदों में वांछित योग्यता अनिवार्य होगी।
3. आरक्षण नियमानुसार देय होगा।
4. प्रत्येक पद हेतु अलग—अलग आवेदन करना होगा।
5. किसी भी प्रकार के बदलाव व सुधार हेतु पूर्ण अधिकार जनपद स्तरीय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।
6. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम व विषय लिखा हो। लिफाफे के अन्दर दो पता लिखे तथा रु0 42/— के डाक टिकिट लगे सादा लिफाफे अवश्य रखें।
7. अपूर्ण एवं त्रुटि होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
8. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वःप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदन पत्र का प्रारुप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रतापगढ़ से प्राप्त किये जा सकते हैं।
10. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पर स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़ को दिनांक 08—01—2025 के सायं 5.00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

**(भूपेन्द्र सिंह)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रतापगढ़।

**पृ0सं0: समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/ 813 /2024—25 दिनांक : उक्तवत्।**
**प्रतिलिपि— निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी/अध्यक्ष जिला चयन समिति, प्रतापगढ़।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
5. जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़।
6. सम्पादक ....दैनिक जागरण.... एवं....अमर उजाला.... को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञापन को दिनांक 24/12/24 .................. को प्रकाशित होने वाले अपने सम्मानित समाचार पत्र में हिन्दी के 8 फोन्ट में न्यूनतम सरकारी दरों पर प्रदेश स्तर पर प्रकाशित कराते हुए बिल जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़ से सत्यापित कराकर भुगतान हेतु 02 प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराने का कष्ट करें।

23/12/24
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रतापगढ़।

# कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जनपद प्रतापगढ़ हेतु
## आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व प्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नाम (विषय सहित)..........................................................................
2. आवेदित पद की जाति (जिस जाति वर्ग के अन्तर्गत आवेदन किया जा रहा है) ..........................
3. अभ्यर्थिनी का नाम..........................................................................
4. पिता/पति का नाम..........................................................................
5. जन्मतिथि.......................................................आयु 01.04.2024 को (वर्ष में)..........................................
6. पूर्ण स्थायी पता..........................................................................
7. पत्र व्यवहार का पता..........................................................................
8. मेल आई डी.......................................................9. आधार नम्बर..........................................
10. दूरभाष एवं मोबाईल नं0..........................................................................
11. जाति/वर्ग..........................................................................
12. अनुभव यदि कोई हो, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत (प्रमाणपत्र संलग्न करें) ..........................
13. शैक्षिक योग्यता का विवरण :-

| परीक्षा का नाम | वर्ष | समस्त विषय | बोर्ड/ संस्था | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इंटरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| परास्नातक | | | | | | |
| प्रशिक्षण योग्यता | | | | | | |
| कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि | | | | | | |

संलग्नकों का विवरण :-

1. ........................................ 5. ........................................
2. ........................................ 6. ........................................
3. ........................................ 7. ........................................
4. ........................................ 8. ........................................

मै घोषणा करती हूँ, कि मेरे द्वारा दी गयी समस्त उपरोक्त सूचनाएं सही है; मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दी गयी सूचनायें गलत/कूटरचित पायी जाती हैं अथवा कोई तथ्य गोपन किया जाता है तो मेरा चयन/अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाये, इसमें मुझे कोई आपत्ति नही होगी तथा विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

**दिनांक-**

अभ्यर्थिनी के हस्ताक्षर ........................................

अभ्यर्थिनी का पूरा नाम व पूरा पता ........................................